[Shri L. N. Mishra]

about the proposals both in respect of freight rates and passenger fares.

All these measures which will be effective from 1-4-1974 will bring in a total additional revenue of Rs. 136.38 crores during 1974-75. This will leave an uncovered gap of Rs. 52.79 crores in the payment of dividend to the General Revenues.

We are living through difficult times and the challenges arising out of the economic stresses, inflation, and oil crisis, etc., require the best effort from all of us. Indiscipline has no place in such a situation and must be replaced by hard work. Any institution is as good as its men, and this is particularly true in the case of Railways, which is the least officered amongst public and private undertakings. This caste a heavy responsibility on railway workers, particularly as in the context of high prices of oil our economy is going to be more dependent on rail transport than hitherto. I appeal to all sections of railwaymen to rise to the occasion, sink their differences and render a good account of themselves in service of the Nation. I sincerely hope that my appeal will not go in vain. I have done Thank you.

MR. SPEAKER : In order to keep strictly within the time, the Minister has skipped over some portions of his printed speech. These have been taken as read—The Minister should say that.

SHRI L. N. MISHRA : Yes, Sir.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE (Gwalior) : He did not take your permission. Why oblige him?

MR SPEAKER : He came to me earlier The Secretary-General brought it to my notice. I said it is all right

Now we adjourn for lunch to re-assemble at 2.30 P.M

13.20 hrs.

*[The Lok Sabha adjourned for Lunch till Thirty Minutes past Fourteen of the Clock.]*

*[The Lok Sabha re-assembled after lunch at Thirty-five Minutes past Fourteen of the Clock.]*

[Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*].

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS—*Contd.*

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (ग्वालियर) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे संविधान ने राष्ट्रपति महोदय के ऊपर संसद के संयुक्त सत्र को सम्बोधित करने का दायित्व डाला है । राष्ट्रपति जी निष्ठापूर्वक दायित्व का पालन करते है । बजट अधिवेशन के प्रारम्भ मे वे कई घोड़ो की बग्घी पर आते है, उन के सिर पर एक चमकता हुआ छत्र होता है, चोबदार हाज़री देते है, बिगुल बजते है और राष्ट्रपति महोदय लिखा-लिखाया भाषण पढ कर अपने निवास-स्थान को लौट जाते है ।

कुछ मित्रो ने इसे अनावश्यक कर्मकाण्ड कहा है । मुझे तो यह सारा दृश्य प्रहसन-सा प्रतीत होता है । राष्ट्रपति का अभिभाषण ही नही, उस पर होनेवाली यह चर्चा, चर्चा करने वाला यह सदन, यह संसद कुछ अर्थों मे बेमानी, व्यर्थ, जन-जीवन से कटा हुआ, वास्तविकता से दूर का दृश्य दिखाई देता है ।

यह लोक सभा है, किन्तु यह लोक-शक्ति का प्रतिनिधित्व नही करती, यहा तक कि सही-सही रूप में उसे प्रतिबिम्बित भी नही करती । यह सदन राज-शक्ति का एक आकर्षक अलंकरण-मात्र बन कर रह गया है । प्रतिपक्ष इतना दुर्बल है कि शोर मचाने भर मे समर्थ है । सत्ता पक्ष इतना भारी-भरकम है कि अपने ही बोझ के नीचे दबा जा रहा है ।

1971 में सत्ता पक्ष को दो-तिहाई से अधिक बहुमत मिला, किन्तु उस बहुमत से देश को क्या मिला ? आम आदमी ने क्या पाया ?

राजाओं के जेब-खर्चे की समाप्ति और बैंकों के राष्ट्रीयकरण को प्रगति की परम-उपलब्धि मान कर चलनेवाला शासनारूढ दल तीन साल बाद ही बुन्देलखण्ड के चुनावों को जीतने के लिये पुराने राजाओं की शरण में चला गया । सुरक्षा मंत्री श्री जगजीवन

राम को मुरादाबाद में यह स्वीकार करना पड़ा कि बैंक-राष्ट्रीयकरण विफल हो गया है, क्योंकि उस से जिन को लाभ मिलना चाहिये था उन को लाभ नहीं मिला।

प्रधान मंत्री जी ने लोक सभा के चुनावों को विधान सभा के चुनावों से अलग कर के चुनावों को न केवल अधिकाधिक खर्चीला बना दिया है बल्कि सत्ता पक्ष को चुनावों में ऐसा रवैया अपनाने के लिये विवश किया है जिसे न स्वस्थ कहा जा सकता है और न राष्ट्रीय एकता के लिये हितावह। उत्तर प्रदेश के चुनावों में प्रधान मंत्री जी द्वारा बारबार यह कहना कि यदि लोगों ने सत्ता पक्ष को वोट नहीं दिया तो उन के प्रदेश की प्रगति रुक जायेगी, राजनैतिक ब्लैक-मेल के अलावा कुछ नहीं है।

23 दिसम्बर, 1973 को धेनकनाल में भाषण करते हुए प्रधान मंत्री जी ने कहा--लोगों ने कांग्रेस को वोट नहीं दिया तो उन्हें केन्द्रीय सहायता से वंचित होना पड़ेगा। इस आशय का एक तार श्री पटनायक ने चुनाव आयोग को भेजा है। बाद में वह पत्रों में भी प्रकाशित हुआ है। प्रधान मंत्री जी की ओर से उस का कोई खण्डन नहीं किया गया है। इस प्रकार की धमकियां चुनाव को न केवल मखौल बना देती हैं, केन्द्र के विरुद्ध भी भावनायें भड़काती हैं। इस से राष्ट्र की एकता पर कुठाराघात हो सकता है। हम सबल केन्द्र चाहते हैं, लेकिन केन्द्र की सबलता संविधान से आती है, किसी दल के सत्ता पर एकाधिकार से नहीं आती। यदि केन्द्र का व्यवहार न्यायपूर्ण नहीं रहा, यदि दलगत आधार पर प्रदेशों के साथ भेदभाव या पक्षपात किया गया तो प्रदेशों में केन्द्र विरोधी भावनायें उभर सकती हैं और यह देश के लिये एक दुर्भाग्य की बात होगी।

इस सरकार ने दिल्ली कारपोरेशन के हाथ से गन्दी बस्तियों की सफाई का काम छीन लिया है। ऐसा क्यों किया गया है, मैं यह समझने में असमर्थ हूं। इस से पहले डी० टी० यू० कारपोरेशन से हटा कर एक स्वायत निगम को दे दी गई। यह सिर्फ इसलिए किया जा रहा है कि दिल्ली कारपोरेशन में जनसंघ का बहुमत है और सत्तारूढ़ दल उस बहुमत को सहन करने के लिए तैयार नहीं हैं।

चुनाव के पूर्व उत्तर प्रदेश में नई परियोजनाओं के शिलान्यासों की जो बाढ़ आई उस ने केन्द्रीय सरकार के पक्षपाती स्वरूप को बेनकाब कर दिया है। 550 करोड़ की योजनाएं--चुनाव के समय उन योजनाओं का शुभारंभ या उद्घाटन या शिलान्यास क्या मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नहीं था? क्या यह सत्ता का दुरुपयोग नहीं है? हिन्दुस्तान टाइम्स का मैं एक सम्पादकीय उद्धृत करना चाहता हूं। किसी भी कल्पना से इसे कांग्रेस का विरोधी नहीं माना जा सकता/किन्तु पत्र निष्पक्ष और निर्भीक है :

"The series of two special reports entitled 'Foundations of Electoral Success', concluded elsewhere on this page, presents a catalogue that does the Prime Minister and the Chief Minister of Uttar Pradesh little credit in larger terms of liberal principles, democratic values, economic discipline or national example. Perhaps some of the electorate, too might be more annoyed than flattered by all these blandishments. Not everything that has been done is by any means wrong. But, as the Supreme Court has ruled, "energy to do public good should be used not on the eve of elections but much earlier' —and, we would urge, elsewhere too. The Central leadership, governmental or party, has had little time for Gujarat or the deepening economic crisis. There is a large grey area in politics. But the grey should not assume a darker shade. Even if the Congress is conceivably not guilty of electoral mal-practice in U.P., not a few of its actions come dan-

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

gerously close to unfair practice. And Mrs. Gandhi, alas, stands greatly diminished.

Uttar Pradesh goes to the polls within a fortnihgt. The Congress may win the election, it may not. Whatever the result, this much is certain, India has lost."

550 करोड़ की योजनाए चुनाव के अवसर पर प्रारंभ करने वाला दल इस बात का सबूत देता है कि वह 4 साल 10 महीने सोता रहा और चुनाव की पराजय सम्मुख देख कर अचानक सक्रिय बन गया ।

29 दिसम्बर, 1973 को सूपूं, कनारा, में भाषण करते हुए प्रधान मंत्री ने कहा था—

"The worst was over in the country's economy and from the next month onwards, the things will improve for the better. Food shortage will be a thing of the past."

यह प्रधान मंत्री का 29 दिसम्बर का भाषण है । उन के आर्थिक सलाहकार कौन है यह मै समझने में असमर्थ हूं । कौन उन्हें तथ्यों से अवगत कराता है यह भी एक रहस्य का विषय है । स्थिति सुधरने के बजाय और बिगड़ी है । संकट गंभीर रूप ले रहा है । अन्न का अभाव विस्फोटक स्थिति पैदा कर रहा है । फसल अच्छी हुई है किन्तु गलत नीतियों ने कृत्रिम अभाव पैदा कर दिया है ।

हमारी अर्थव्यवस्था त्रिदोषों से ग्रस्त है । ये, त्रिदोष हैं—(1) मुद्रा-स्फीति, (2) काला धन और तीसरा भ्रष्टाचार । रुपये के मूल्य मे निरंतर गिरावट पैदा हो रही है । इस से एक भयावह परिस्थिति का निर्माण हो रहा है । वित्त मत्री ने 27 नवम्बर, 1973 के उत्तर में बताया है कि 1947 के उपभोक्ता मूल्यों के सूचकांक को आधार मान कर लगाए गए हिसाब के अनुसार रुपये की क्रय शक्ति 1950 में 99 पैसे, 1960 में 80 पैसे, 1970 में 44 पैसे और 1973 में 36 पैसे रह गई है । अभी भी बाजार में रुपये के बदले 100 पैसे मिलते हैं । लेकिन सौ पैसे की कीमत 36 पैसे है । हमारे विद्यार्थियो को अब नया गणित सीखना पड़ेगा कि एक रुपया बराबर 100 पैसे और 100 पैसे बराबर हैं 36 पैसे । यदि इस गति से रुपये की कीमत गिरती है और मुद्रा-स्फीती बढ़ती है तो आम आदमी का जीवन अधिक दुखी होने से नहीं बचाया जा सकता । अन्धाधुन्ध नोटों की भरमार मुद्रास्फीती का मुख्य कारण है । 1965-66 मे जनता के पास 4529 करोड़ के नोट थे और 1971 मे वह 10,061 करोड़ के हो गए इस की तुलना में विकास की दर निरंतर गिरी है । 1969-70 मे विकास की दर 5.3 प्रतिशत थी, 70-71 में 4.2 प्रतिशत, 71-72 में 1.7 प्रतिशत और 72-73 मे 0.6 प्रतिशत विकास की दर है ।

काला धन हमारी अर्थ-व्यवस्था को खोखला कर रहा है । काले धन की एक समानान्तर अर्थ-व्यवस्था देश मे चल रही है । जो चुनाव लड़े जाते है वह काले धन से लड़े जाते हैं । कोई भी दल उस से मुक्त नही है । इस संसद का, लोक तंत्र का सारा भवन झूठ पर खड़ा है । पार्लियामेंट का मेम्बर, असैम्बली का मेम्बर पहला जो काम करता है वह झूठा हिसाब दाखिल करता है । सत्यमेव जयते का नारा लगा कर हम यहा एकत्र हुए हैं मगर हम सब के मूल मे असत्य छिपा हुआ है । क्या आप कल्पना कर सकते हैं प्रधान मंत्री ने 12 हजार रुपए का अपने चुनाव क्षेत्र का व्यय का हिसाब दिया है । 12 हजार रुपये मे कोई चुनाव लड सकता है ? मगर हिसाब दिया गया है ।

SHRI S. A. SHAMIM (Srinagar): On a point of order. Mr. Vajpayee has said, 'the entire House'. He has not made any exception. He can speak for himself; he can speak for those about whom he knows....

MR. DEPUTY-SPEAKER : It has gone on record. No point of order.

SHRI S. A. SHAMIM : Will you allow me to clarify, Sir? He has said, 'the entire House'. He must make one honourable exception, and that is myself.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : I do.

उपाध्यक्ष महोदय, भ्रष्टाचार एक भयंकर रूप धारण कर रहा है। लेकिन भ्रष्टाचार कैसे मिटेगा जब प्रधान मंत्री ने हाल ही में अपने मंत्रिमंडल में एक ऐसे सज्जन को शामिल किया है जिन्हें दस साल पहले श्री जवाहर लाल नेहरू ने

'high principles of Parliamentary democracy by which the office of a Minister is governed'.

के आधार पर..........

SHRI K. P. UNNIKRISHNAN (Badagara): Put the facts straight. He resigned.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : जब उन्होंने रिजाइन किया तब उन्होने भी यह कहा कि मैं कुछ मूल्यों मे विश्वास करता हूं और उन मूल्यों की रक्षा के लिए त्यागपत्र दे रहा हूं। क्या आज उन मूल्यों का अवमूल्यन हो गया है? क्या आज उन मूल्यों की कीमत नहीं रही? क्या मंत्री के आचरण के मापदण्ड बदल गए?

श्री डी० एन० तिवारी (गोपालगंज): क्या कोई आदमी पीछे चल कर अच्छा नहीं हो सकता है?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हां, अगर आप का यह कहना है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं। प्रधान मंत्री को शिकायत है कि विरोधी दल आर्थिक कठिनाइयों का लाभ उठाने का प्रयत्न कर रहे हैं। सरकार की गलत और अदूरदर्शी नीतियों से उत्पन्न जन-असंतोष को मुखरित और संघटित करना हमारा धर्म है और हम उस धर्म का पालन करेंगे। किन्तु जिन्होंने 1972 की राष्ट्रीय विजय को दलगत सफलता के लिए प्रयुक्त करने में संकोच नहीं किया उन के मूंह से ऐसा आरोप शोभा नहीं देता। जो कांच के घर में बैठ हैं उन्हें दूसरों पर पत्थर फेंकने की भूल नहीं करनी चाहिए।

प्रधान मंत्री को ताज्जुब है कि जो सबसे अधिक गरीब हैं वे तो चुप हैं, किन्तु जिन की हालत बेहतर है वह आन्दोलन कर रहे हैं। मैं उन के शब्दों का उद्धत कर रहा हूं —

"The very poorest were not complaining or non-cooperating or having strikes, but the people who were comparatively better-off."

क्या इस को समझने के लिए किसी विशेष प्रयास की आवश्यकता है? जो बिलकुल गरीब है वे मूक हैं, बिखरे हुए हैं, शताब्दियों से कुचले हुए हैं, वे नहीं लड़ सकते। वे सड़क पर ठिठुर कर मर सकते हैं, कपड़े की दूकान नहीं लूट सकते। वे भूख से जान दे सकते हैं पर अन्न के गोदाम नहीं लूट सकते। इस के विपरीत जिन की दशा अपेक्षाकृत अच्छी है, जो जागृत हैं, संगठित हैं, वे परिवर्तन के नये रास्ते अपनाएंगे। जो बिल्कुल गरीब हैं वह भाग्य के भरोसे बैठा है। मगर जिस में थोड़ी सी भी जागृति आयी है वह अपने भाग्य को बदलने के लिये संघर्ष कर रहा है। यही कारण है आज छात्र, अध्यापक, डाक्टर, इंजीनियर जूझ रहे है। दमन चक्र के बजाय सरकार को उन की मनोवस्था को समझने का यत्न करना चाहिए।

दिल्ली के जूनियर डाक्टर क्या मांग रहे हैं? कल डा० कर्ण सिंह ने अपने लम्बे भाषण में अध्यात्मिक मूल्यों की चर्चा की। जो डाक्टर उन के घर के बाहर बैठे हैं उन की मानवता का भी उन्होंने एक दृश्य उपस्थित किया? मगर यह सरकार स्वयं हृदयहीन हो गई है। वह जूनियर डाक्टरों से ठीक से बात तक नहीं करती। वह किस तरह से काम के घंटों में लगन से परिश्रम से मरीजों की देखभाल करते हैं यह किसी से छिपा हुआ नहीं है। वे 500 रु० वेतन मांग रहे हैं, सिटी अल.उन्स मांग रहे हैं, नान-प्रैक्टिसिंग अलाउन्स मांग रहे हैं क्या उन्हें 650 रु० देना उन के ऊपर बड़ा भारी एहसान हो गया है? सरकार क्या देना

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

चाहती है, यहाँ तक बताने के लिये तैयार नहीं है। वह हड़ताल को तोड़ने पर आमादा है। इस में से बगावत के बीज निकलेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, आप को सुन कर ताज्जुब होगा, मुझे अफसोस है प्रधान मंत्री जी सदन में नही हैं, बाद में आ कर कहेगी कि मैं कमरे मे बैठ कर भाषण सुन रही थी, रायबरेली मे वहां के विद्यार्थियों को इसलिये पुलिस ने गिरफ्तार किया क्यो कि राययबरेली के फ़ीरोज़ गांधी मेमोरियल कालेज के छात्र यूनियन का उद्घाटन करने के लिए उन्होने मुझको बुलाने की गलती की। विद्यार्थी पकड़े गये, रात मे पकड़े गये, हथकड़ी लगा कर उन्हें कोतवाली ले जाया गया, पीटा गया। कभी आप ने सुना है कि विद्यार्थियों पर यह शर्त लगायी जाय कि हर तीसरे दिन कोतवाली मे आ कर हाजिरी दे ? विद्यार्थी न हो गये, अपराधी हो गये वे माग क्या कर रहे है ? यही कि कालेज मे प्रोफैसर समय पर नियुक्त होना चाहिये, लायब्रेरी से 15,000 रु० की किताबे गायब है उन का हिसाब मिलना चाहिये। लायब्रेरी फ़ीस 15 रु० ली जाती है जिस में से 3 रु० की रसीद तक नही दी जाती है। वह कहते है कि रसीद दी जानी चाहिये। मेडिकल के लिये मैगजीन के लिये जो रुपया इकट्ठा किया जाता है उस का सदुपयोग होना चाहिए।

उत्तर प्रदेश के जूनियर इंजीनियर भी कोई चाद का टुकडा नही माग रहे हैं। समान काम के लिए समान वेतन माग रहे हैं। 50 परसेंट पदोन्नति माग रहे है। मगर उन्हें भी दबाया जा रहा है।

उपाध्यक्ष महोदय, दमन ग्रान्दोलन में आग का काम करते है। गोलिया चला कर लोगो को मारा जा सकता है मगर गोलिया चला कर लोगो के दिलो पर राज्य नही किया जा सकता। गुजरात एक चेतावनी है, गुजरात एक चुनौती है। चेतावनी उन भ्रष्ट सत्ता लोलुपों के लिये जो अनैतिक तरीके अपना कर हुकूमत हथिया लेते है, मगर जो जनता की अपेक्षाओं और शासन की उपलब्धियों में बढ़ती हुई खाई को नजर-अंदाज करना चाहते हैं। गुजरात चुनौती है उन सब के लिये जो शांतिपूर्ण मार्ग से इस देश में परिवर्तन करना चाहते हैं।

गुजरात के जन विद्रोह को पूजीपतियो द्वारा प्रेरित बता कर प्रधान मंत्री ने न केवल इतिहास को बदलने वाली नई शक्तियो को समझने में अपनी अनभिज्ञता प्रकट की है अपितु गुजरात की जनता का अपमान भी किया है। भाडे के लोग प्रधानमंत्री की जयजयकार के लिये भले ही जमा किये जा सकें, उन्हें कोई पुलिस की गोली खाने के लिये तैयार नही कर सकता। गाधीवादी विचारक, प्रो० अमृतानन्द के शब्दो में —

"We can describe the Gujarat popular upsurge as a movement of self-disciplined protest and violence, directed against a corrupt and inefficient system and based on popular and decentralised leadership."

उपाध्यक्ष महोदय, बगला देश की विजय का लाभ उठा कर और राजनीतिक स्थिरता का नारा देकर, विधान सभाओ के चुनाव जीत लिये गये। किन्तु प्रधान मंत्री राज्यो में एक ईमानदार और सक्षम प्रणाली, जिसका आधार सस्ता लोक-प्रियतावाद नही, चीप पौपुलिज्म नही. रेडिकल रियलिज्म, क्रान्तिकारी यथार्थ-वाद हो, ऐसी प्रणाली नही दे सकीं। परिणाम सामने है। गुजरात जल रहा है, महाराष्ट्र में चिनगारिया सुलग रही है और सारा भारत क्रान्ति के कगार पर खड़ा है।

प्रधान मंत्री गुजरात की विधान सभा को भंग करने के लिये तैयार नही है। किन्तु जब केरल में ऐसा ही मास अफसर्ज हुआ था और प्रथम कम्युनिस्ट सरकार अप-

दस्त कर दी गई थी तब विधान सभा भंग की गई थी या नहीं की गई थी ? तब प्रधान मंत्री कांग्रेस की अध्यक्षा थीं। मगर जो विधान सभा भंग की गई थी उसमें कम्युनिस्टों का बहुमत था इसलिये उस को भंग कर दिया गया। गुजरात की विधान सभा को इसलिये भंग नहीं किया जा रहा है .....

SHRI K. P. UNNIKRISHNAN: Not a single MLA was assaulted in Kerala like this. You are defending fascism now.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : क्योंकि कांग्रेस बहुमत में है। यह दोहरा मापदंड, यह दुरंगी राजनीति, यह नग्न सत्तावाद ही आज का सब से बड़ा अभिशाप है। इसी के चलते मुस्लिम लीग केरल में असाम्प्रदायिक हो जाती है और उत्तर प्रदेश में साम्प्रदायिक बन जाती है। शिवसेना का बम्बई में समर्थन किया जाता है और शेष भारत में उसके विरोध का ढोंग रचा जाता है। पांडिचेरी मे संगठन कांग्रेस को गले लगाया जाता है और उत्तर प्रदेश में दुरदुराया जाता है। कम्युनिस्टों के साथ प्यार और तकरार का नाटक एक साथ चलता है।

उपाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री दिल्ली में साम्प्रदायिकता के विरुद्ध भाषण देती है, किन्तु उत्तर प्रदेश में खुले आम उन्होने मुस्लिम साम्प्रदायिकता को भड़काया। हरदोई में 14 फरवरी को भाषण देते हुए उन्होंने ने कहा, मैं "नेशनल हैराल्ड" से उद्धृत कर रहा हूं :

> The PM said that the Muslims should not divide themselves as in that case they would grow weaker and would not be able to guide their own destiny.

क्या मतलब है इस का ? क्या यह राष्ट्रीय एकता की अपील है ?

श्री एस० ए० शमीम : वह आप से बचने के लिए कहा।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मुसलमानों को यह कहना कि अपनी इच्छानुसार वोट न दें, पार्टियों के प्रोग्राम के अनुसार वोट न दें, मुसलमान के नाते वोट दें, एक साथ वोट दें, यह अलगाव को बढ़ाने वाली बात नहीं है ?

इतना ही नहीं उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि दिल्ली में मुस्लिम लीग की जो शाखा खुली है उस के संयोजक एक मुस्लिम नौजवान को जनसंघ ने पैसा दिया है। प्रधान मंत्री को मालूम होना चाहिये कि दिल्ली में मुस्लिम लीग हाल में नहीं बनी, 1968 में बनी थी। उन्हें यह भी मालूम होना चाहिए कि उसके कर्त्ताधर्त्ता मिर्जा मुहम्मद उस्मान थे जो प्रधान मंत्री की पार्टी के टिकट पर कोरपोरेशन के मेम्बर चुने गये थे, बाद में मुस्लिम लीग में शामिल हो गये। प्रधान मंत्री जनसंघ के विरुद्ध अपना आरोप साबित करें या उन्हें उस आरोप को वापस ले लेना चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदय, मै समाप्त करना चाहता हूं। आकर्षक नारे लगा कर, पानी की तरह से पैसा बहा कर शासन तन्त्र का खुला दुरुपयोग कर के सत्ता पर कब्जा करना असम्भव नही है। लेकिन सत्ता किसलिये ? क्या सत्ता सत्ता के लिये, या सत्ता समाज परिवर्तन के लिये ? क्या सत्ता केवल उपभोग के लिये ? क्या सत्ता कालपात्र में दबाये गये इतिहास में अपना नाम लिखाने भर के लिये या सत्ता दूसरों के नाम कटवाने भर के लिये ? क्या सत्ता मात्र अहम की संतुष्टि के लिये ? सत्ता का प्रयोजन क्या केवल यही है ? क्या सत्ता किसी बन्दरगाह, किसी नहर, किसी विश्वविद्यालय का नाम अपने नाम पर रखने के लिये ?

आजादी के 25 साल बाद भी भारतीय समाज जड़ता में, अंधविश्वास में, कुरीतियों

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

में, छूआछूत में डूबा हुआ है। हमने समाज को बदलने के लिये क्या किया है? भारत की प्रधान मंत्री एक महिला हैं। किन्तु करोड़ों महिलाएं नारकीय जीवन बिता रही हैं, उन के मुख पर घूंघट पड़े हैं, बुरखे लटके हैं। शारदा कानून ने बाल विवाह बन्द कर दिये। किन्तु प्रतिवर्ष लाखों बच्चों के पालने में विवाह होते हैं। दहेज के विरुद्ध कानून बना है। किन्तु दहेज बढ़ गया है। दहेज के प्रभाव में जवान लड़कियो जान तक दे बैठती हैं। अच्छे अच्छे घरो में पर्याप्त दहेज न होने के कारण बहुओं के साथ आज भी दुर्व्यवहार होता है।

अस्पृश्यता एक दंडनीय अपराध है किन्तु हरिजन जिन्दा जलाये जाते हैं। उनकी महिलाओं का शरीर सार्वजनिक रूप से गरम चिमटे से दागा जाता है। क्या प्रधान मन्त्री इन कुरीतियों के विरुद्ध जेहाद नही छेड़ सकतीं? क्या वे हिन्दुओं, मुसलमानो मे नहीं कह सकतीं कि उन्हें वक्त के साथ बदलना होगा? क्या वे मुस्लिम पर्सनल ला में संशोधन की बात पर दृढ़ता से नही अड़ सकतीं? मगर उन्हें वोट चाहिये।

**श्री एम० ए० शमीम** : आपको क्या दर्द है?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : उपाध्यक्ष महोदय पहले इनको बदलना जरूरी है।

जितना समय जितनी शक्ति, जितने साधन प्रधान मंत्री ने एक प्रदेश मे अपनी पार्टी को चुनाव जिताने पर लगाया उतना यदि वह सामाजिक, क्रांति का सूत्रपात करने में लगाती तो देश का नक्शा बदला हुआ नजर आता। लेकिन अफसोस है कि प्रधान मंत्री ने मिले हुए समय को खो दिया। आज खतरे की घंटी बज रही है, हम सब के लिये बज रही है। एक व्यवस्था टूट रही है। एक प्रणाली अस्त-व्यस्त हो रही है। यह केवल एक दल का प्रश्न नहीं है, सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था आज दांव पर लगी हुई है।

15.00

पुराने मूल्य ठुकरा दिए गए हैं, किन्तु नए मूल्य अभी तक स्थापित नहीं हुए है, पुराने श्रद्धा केन्द्र ढह चुके हैं, नए श्रद्धा केन्द्र हम खड़े नहीं कर सके हैं, पुराना युग मर रहा है लेकिन नया युग जन्म नही ले रहा है। देश आज चौराहे पर खड़ा है। यह निर्णय की घड़ी है। चुनाव, वोट, सत्ता की राजनीतिक, इनकी सीमाए हैं। लेकिन उन सीमाओं को तोड़ कर अगर हम नहीं निकल सकते हैं तो एक महान भारत की रचना का स्वप्न कभी साकार नही कर सकते।

प्रधान मंत्री ने जन-अपेक्षाओं का जो ज्वार जगाया है वह आज उनके सिंहासन को हिला रहा है। यदि समय रहते वह नही सहम्लती तो उनकी भी वही गति होगी तो चिमन भाई पटेल की गुजरात में हुई।

**श्री शशि भूषण** (दक्षिणी दिल्ली) : मैं राष्ट्रपति जी को उनके अभिभाषण के लिए धन्यवाद देने के लिए खड़ा हुआ हूं। उन्होंने देश की स्थिति से लोगों को अवगत कराया है और साथ साथ उन्होने नई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिये हमारा आह्वान किया है।

अभी-अभी हमने वाजपेयी जी का भाषण सुना। एक तरफ उन्होंने सामाजिक क्रान्ति की बात कही। लेकिन दूसरी तरफ आप देखें कि जब भी समाज में नए कदम हमने उठाए, उन पर उन्होंने कुठाराघात किया। बिरादरीवाद, जातिवाद, पुराने आडम्बर, पुरानी संस्कृति का झंडा लेकर आज सामाजिक क्रान्ति की बात वह करते हैं। अच्छा होता कि वाजपेयी जी वास्तव मे इस देश में जो सामाजिक क्रान्ति की जा रही है उसको समझते और यह भी समझते

कि आज हम लोग महात्मा कबीर युग से भी पीछे चले गए हैं, स्वामी दयानन्द के समय से भी पीछे चले गए हैं। इस प्रजातंत्रीय आड़ में बिरादरीवाद, जातिवाद और ढोंग जो भरा पड़ा है, उसके खिलाफ हम सब को कटिबद्ध होकर लड़ना होगा। देश से गरीबी दूर करने का हम लोगों ने प्रण किया है। लेकिन गरीबी दूर करने के लिए पहले अमीरी को जरूर दूर करना होगा। अमीरी को जब दूर करने की कोशिश की जाती है तो जो लोग आज सामाजिक क्रान्ति की बात करते हैं वे आर्थिक क्रान्ति से बचने के लिए राजा महाराजाओं और आढ़तियों की रक्षा करते हैं। हमने पिछले दिनों देखा कि जो झंडा अंग्रेजों के जमाने में यूनियन जैक के साथ साथ फहराता था और जिन झंडों को अंग्रेज बैन नहीं कर सके, किसी कीमत पर नहीं कर सके वही हरे और भगवे झंडे लाखों की तादाद में हमने चुनाव में बाजारों आदि में फह-राए जाते देखा, बाजार इनसे भरे पड़े देखे। मैं पूछना चाहता हूं कि इनके पास पैसा कहां से आता है। हम से कहा जाता है कि हम शासक दल के हैं, पैसा हमारे पास बहुत है लेकिन इनके पास कहां से हमसे ज्यादा पैसा आता है यह भी तो ये बताएं। जो झंडे काले इतिहास के प्रतीक हैं, जिन झंडों को लेकर प्रातः परेड करते हुए होम-गार्ड में लोगों को भरती कराया गया, अंग्रेजी फोज में हिन्दुओं और मुसलमानों को भरती कराया गया वही झंडे आज किसी के लिए बड़ी श्रद्धा के पात्र हो सकते हैं लेकिन हमारे लिए वे काले इतिहास के प्रतीक हैं और उसी की हम को सदा याद दिलाते हैं। हमने इन झंडों का नजारा देख लिया है। जहां जहां इनको लगाया जाता है वहां वहां इनकी हार होती है और हुई है। भगवे और हरे झंडे लेकर उन्होंने जिस किसी की भी रक्षा करने की कोशिश की है उसका बेड़ा गर्क हुआ है। राजा महाराजाओं की रक्षा करने की कोशिश की उनका बेड़ा गर्क हुआ, बैंक मालिकों की करने की कोशिश की, उनका बेड़ा गर्क हुआ और आज यह हिन्दुस्तान के उन लोगों की रक्षा करने की कोशिश कर रहे हैं जिन के पास दस हजार करोड़ रुपया ब्लैक का है और उनका भी भगवान ही मालिक है। भगवे झंडों को लेकर पीछे चुनाव में इन्होंने चार पार्टियों का एक गुट बनाया, उन चारों का बेड़ा गर्क हो गया। ये ऐसे झंडे हैं जोकि देश में सामाजिक और आर्थिक क्रान्ति लाए जाने के रास्ते में रोड़े अटकाते हैं।

बंगला देश में ब्रह्मपुत्र की नदी में बच्चों, और बूढ़ों औरतों का खून बह रहा था तब यहां हिन्दुस्तान के नौजवानों का खन खौल रहा था। बंगला देश की सुरक्षा के लिए और खास तौर से वहां से जो शरणार्थी आए उन पर खर्च करने के लिए करोड़ों रुपया हम को व्यय करना पड़ा। आज भी हमारे सामने नए चैलेंज हैं। डिएगो गार्शिया में वही साम्राज्यवादी झंडा मौजूद है जो हिन्दुस्तान में कभी साम्राज्यवादियों का झंडा था, यूनियन जैक आज वहां मौजूद है। अमरीका का झंडा भी उसके साथ-साथ वहां फहरा रहा है, वह भी साम्राज्यवाद का प्रतीक है। जिन साम्राज्यवादियों के खिलाफ हमने आजादी की जंग लड़ी थी उन साम्रा-ज्यवादियों के एजेंट आज भी देश में मौजूद हैं। चीन भी आज डिएगो गार्शिया में अमरीका और ब्रिटेन की सहायता कर रहा है। इसके साथ साथ हम यह भी देखते हैं कि पाकिस्तान में अमरीका एक नया बन्दर-गाह बनाने जा रहा है। कराची से 21 मील की दूरी पर चीन एक बन्दरगाह बना रहा है। आज पाकिस्तान के अन्दर भी कुछ विदेशी ताकतें हैं जो पाकिस्तान को गुलाम बनाने में लगी हुई हैं। सिन्ध नदी में पख्तूनों, बलोचियों और सिन्धियों का

[श्री शशि भूषण]

खून बह रहा है । पाकिस्तान की आजादी को खतरा है । हम भी अपने चारों तरफ खतरा देख रहे है ।हमारी सीमाओं पर आज लाखों की तादाद में चीनी सैनिक मौजूद हैं । उसने कैंटन से अपना कैंटोनमेंट हटा कर हमारी सीमा की ओर निर्माण कर लिया है । चारों तरफ साम्राज्यवादी ताकतें हमें चुनौती दे रही हैं । हिन्दुस्तान बेरोजगारी के कारण परेशान है, आर्थिक कठिनाइयो में फंसा हुआ है । ऐसी अवस्था में जो लोग साम्राज्यवादियों का साथ देते हैं वे हिन्दुस्तान की आजादी और हिन्दुस्तान के स्वाभिमान के साथ क्या खिलवाड़ नही करते है और क्या यह देशद्रोही नहीं है । देश में साम्राज्यवादियों के खिलाफ जो एक आजादी की जंग पहले लड़ी गई उस वक्त भी वहीं भगवे और हरे झंडे जो आज लेकर चलते हैं इनका यही रोल था जो आज है । महात्मा गांधी पर गोली तो बाद मे चली लेकिन उसके पहले भी उनका यही रोल रहा, कांग्रेस की मीटिंग भंग करना और गांधी पर कीचड़ उछालना ।

हमें गर्व है, हिन्दुस्तान दुनियाँ की चौथी फौजी ताकत है । छोटे-छोटे लोग, हरे-पीले पीले झंडे वालो के छोटे-छोटे दिमाग, अंग्रेजो के सहायकों का देश की स्वाधीनता के प्रति जो रवैय्या रहा है, इतिहास कभी माफ नहीं करेगा । स्वाधीनता संग्राम में उनका किरदार रहा है । और जो लोग जेल से माफी मांग कर आए है, उनके बारे में अगर राष्ट्रपति जी ने यह कहा होता कि जो लोग मुखबिर हुए है, अंग्रेजों सरकार से जेल से माफी मांग कर आए हैं, उनको चुनाव में खड़े होने का अधिकार नहीं होगा तो मैं उसका स्वागत करता । जिन लोगों ने जनता पर डंडे बरसाए, जिन लोगों ने देश के साथ विश्वासघात किया, हैरानी है, वह भी आज चुनाव लड़ते हैं ।

**श्री फूलचन्द वर्मा** (उज्जैन) : आप विधेयक लाएं, हम लोग, हम जनसंघ वाले उसका समर्थन करेंगे ।

**श्री शशि भूषण** : चोर की दाढ़ी में तिनका । मैने इनका जिक्र तक नहीं किया । मैं यह कह रहा हूं कि जो लोग हिन्दुस्तान की जनता पर कोड़े चलाते थे, हिन्दुस्तान की जनता जिन के नाम से नफरत करती थी, जिन लोगों ने आजादी की लड़ाई में रुकावट खड़ी कीं उनको चुनाव लड़ने का अधिकार नही होना चाहिये—

**श्री हुकम चन्द कछवाय** (मुरैना) : आप क्या करते रहे है ?

**श्री शशि भूषण** : मै चार साल जेल मे रहा हूं । तुम्हारे महान नेताओ की तरह माफी माग कर नही आया ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : चोरी के इल्जाम मे ?

**श्री शशि भूषण** : जब हम जेलो मे जाते थे तो ये टोडी यही कहते थे कि चोरी डकैती के इल्जाम मे गए हैं यह इनका रोल रहा है । ये अंग्रेज सरकार की खुशामद किया करते थे—

अच्छा होता अगर इस बात का जिक्र राष्ट्रपति जी ने किया होता ।

**श्री फूलचन्द वर्मा** · आप प्राइवेट मैम्बर्स बिल लाए, हम समर्थन करेगे ।

**श्री शशि भूषण** : मै लाऊंगा कि जो लोग अंग्रेज सरकार के मुखबिर रहे, हिन्दुस्तान की आजादी के रास्ते में जिन्होंने रोड़े अटकाए उनको चुनाव लड़ने का अधिकार नही होना चाहिये और आप समर्थन दें ।

सैनिक शक्ति की दृष्टि से हमारा देश दुनियाँ की चौथी ताकत है । हमें अपने देश पर गर्व है । लेकिन कुछ लोगों को हमारे देश की बड़ी बड़ी योजनायें नजर नहीं आती हैं । उनको भाखड़ा और बोकारो

में अंगारों के ढेर नजर आते हैं । वे लोग देश को साम्राज्यवादी आंखों से देखते हैं। वे समझते हैं कि देश में खंडहर ही खण्डहर हैं और देश में अग्नि-वर्षा हो रही है, देश में कहीं शान्ति नहीं है ।

हम ने अपने देश में प्रजातंत्र के तरीके को अपनाया है । लेकिन ये लोग एम० एल०एज० का घेराव करने को प्रोत्साहन देते है । अगर यह तरीका अपनाया जाने लगा तो फिर प्रजातंत्र कैसे चल सकता है ? कौन सा ऐसा व्यक्ति है, जिस का घेराव नहीं किया जा सकता है ? आज जो गुजरात में हो रहा है, वह देश भर मे हो सकता है ।

श्री जयप्रकाश नारायण जैसे नेता गुजरात मे विद्यार्थियो से कहते हैं कि जैसे वे 1942 के आन्दोलनों के समय स्कूलों, कालजों से बाहर निकल आये थे, वैसे ही वे अब भी बाहर निकल आयें । पुराने लोग इस सदन मे बैठे हुए हैं । उनको पता होगा कि श्री जयप्रकाश नारायण 1942 के आन्दोलन से पहले ही गिरफ्तार हो गये थे, और वह मार्च, 1943 मे हजारीबाग जेल से निकले । उस बीच मे पूरा आन्दोलन खत्म हो गया था । तब फिर उन्होंने 1942 के आन्दोलन में क्या किया ? वह खुद उस आन्दोलन मे मौजूद नही थे, वह उस आन्दोलन के नेता नही थें, लेकिन वह विद्यार्थियों को 1942 के आन्दोलन का हवाला देकर स्कूल-कालेजो से बाहर आने के लिए कहते है ।

**श्री फूलचन्द वर्मा** : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा पाइंट आफ आर्डर है । श्री जयप्रकाश नारायण इस हाउस में मौजूद नहीं है । वह अपने आप को डिफेंड नहीं कर सकते हैं । लेकिन माननीय सदस्य उनपर आरोप लगा रहे है । मै इस बारे में आपकी रूलिंग चाहता हूं ।

**श्री शशि भूषण** : अगर श्री जयप्रकाश नारायण हिन्दुस्तान के प्रजातंत्र पर चोट करेंगे, तब हमें तथ्यों को बताना पड़ेगा । उन्होंने आर० एस० एस० की शाखाओं में हिस्सा लिया है । उन्होंने जनसंघ की विद्यार्थी सभाओं में कहा है कि विद्यार्थियों को स्कूल कालेज छोड़ कर आन्दोलन में हिस्सा लेना चाहिए ।

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): Will he yield for a moment?

SHRI S. A. SHAMIM : May I defend J. P. Narain? He is only quoting his statement.

PROF. MADHU DANDAVATE : I sought his permission to intervene and he has yielded. He can quote Jaya Prakash Narain's statement. But while doing it, he referred to his past. Let me humbly point out to Shri Shashi Bhushan that a former Prime Minister of India, Shri Jawaharlal Nehru, had also acknowledged that Jaya Prakash Narain played a glorious role in the 1942 movement. Shri Shashi Bhushan may reject it for his own political ends, but let him not refer to his past like this.

**श्री शशि भूषण** : उपाध्यक्ष महोदय, श्री जयप्रकाश नारायण से व्यक्तिगत तौर पर मेरा विरोध नही है । लेकिन माननीय सदस्य को पता होगा कि श्री जयप्रकाश नारायण 1942 के आन्दोलन के समय जेल के अन्दर थे । जब वह हजारीबाग जेल से भागे, तो वह आन्दोलन खत्म हो चुका था । तो वह उस आन्दोलन के नेता कैसे हो सकते हैं ! उसके नेता विद्यार्थी थे ।

उस समय जिन झंडों को ले कर ये लोग साम्राज्यवाद की रक्षा के लिए चले थे, उन्ही पीले झडों को लेकर ये लोग आज गुजरात मे घेराव करते हैं और यह प्रयत्न करते है कि इस मुल्क में प्रजातन्त्र खत्म हो । आखिर प्रजातन्त्र किस के लिए है ? हिन्दुस्तान के अधिकतर लोग गरीब हैं । ये व्हाइट-कालर को अधिक से अधिक प्रोत्साहन देते हैं ।

[श्री शशि भूषण]

और उन को अधिक से अधिक पैसा देना चाहते है, जब कि ग़रीब लोग भूखो मर रहे हैं। अगर इस विषमता को दूर करने, और गांवों और शहरों के बीच के फ़र्क को कम करने, का प्रयत्न किया जाता है, तो कहा जाता है कि प्रधान मंत्री गलत काम कर रही है।

आज हमार देश मे हजारो किस्म के कपडे बनते है, जिस की वजह से देश के भूमिहीन मेहनतकश और दूसरे गरीब लोगो को कपडा नही मिलता है। इस लिए जरूरत इस बात की है कि हमारे देश में सिर्फ पाच या दस किस्म के कपडे बने, ताकि देश के ग़रीब लोगो को कपडा मिल सके।

इसी तरह देश मे जमीन का बंटवारा ठीक होना चाहिए और एडल्ट्रेशन, ब्लैक-मार्केटिग और करप्शन करने वालों के खिलाफ़ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। अगर इस बारे मे देश में जागृति हो, तो फिर यहा ये भगवे और हरे झंडे नजर नही आयेंगे। (व्यवधान) देश के गरीब और फटे-हाल लोग काग्रेस के समर्थक है। हमारी यह जिम्मेदारी है कि शहरो का हिस्सा काट कर गरीबो को दिया जाये। इस क्रान्ति के लिए हमे तैयार रहना है। अगर जरूरत हो, तो एडल्ट्रैशन, ब्लैक-मार्केटिग और करप्शन करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के लिए सरकार को इमर्जेन्सी पावर्ज लेनी चाहिए। अगर ऐसे लोगों के खिलाफ़ सख्त कार्यवाही की जायेगी, तो सारा देश इस मे सरकार का साथ देगा। अगर दो तीन हजार ब्लैक-मार्केटियर्ज को गिरफ्तार कर के सड़को पर से निकाला जाये, जेल भेजा जाय, तो मै दावे के साथ कहता हूं कि तब कांग्रेस को कोई हिला नही सकता है। ये विरोधी जो उन के मददगार है, उन से डरने की जरूरत नही है।

आर० एस० एस० जैसी साम्प्रदायिक सस्थाओं पर बैन लगाना भी बहुत जरूरी है, वर्ना आज गुजरात मे जो हालत है, वह सारे देश में हो सकती है। अंग्रेज साम्राज्यवादी तो ऐसा करते ही क्यों? लेकिन आज इस सरकार को साम्प्रदायिक सस्थाओं पर बैन लगाना होगा। आज देश को सामाजिक क्रान्ति के लिए आगे बढ़ना है। उस क्रान्ति को कोई रोक नही सकता है। यह जमाना उस मे रोडा अटकाने वालो का नही है जिनके झडे यू० पी० मे हार रहे है और सारे देश मे हारेंगे।

SHRI H M PATEL (Dhandhuka): Mr Deputy-Speaker, Sir, the President's Address, to my mind, was platitudinous and deceptively frank. This becomes obvious if I quote one sentence from his Address where he says

"Supplies to deficit areas and vulnerable sections of society can be maintained through the public distribution system only if there is adequate procurement of graines."

Then he proceed "to impres upon the State Governments, with all the earnestness at my command, the importance of achieving procurement targets" He says that "it has to be realised that the Central Government can distribute only as much quantity as the State Governments procure and make available to it"

It would seem as if he is stating something that is obvious. And yet, in reality, he is suppressing all manner of things which need to be brought out. Does he not realise that the public distribution system failed and failed only because it is extremely inefficient?

The wheat trade was taken over without realising that the take over of wholesale trade means accepting responsibility for retail distribution. All the arrangements were to be made by the public distribution machinery. Not doing that resulted in suffering for the vulnerable sections of our society in whose interest it was stated that wheat trade was to be taken over. It is those very people who suffered because of the inefficiency of the public distribution system. It is they who could not get

wheat and if they got it, they got wheat at higher prices. Not only that; the country's economy as a whole also suffered because this take over led to a substantial general increase in prices.

With regard to procurement machinery I submit that procurement is inefficient, not because the State Governments are necessarily inefficient or unwilling. Procurement can be satisfactory only if the farmers are offered a reasonable and remunerative price. Unless you do that how can you expect the farmers to come forward and give what they have produced, at a loss. It is not realised that the cost of production of wheat in Punjab is substantially lower than the cost of production of wheat in say, Gujarat; the cost of production varies from State to State. Normally when price fixation of industrial products is undertaken, you proceed on the basis of the cost of production. But when it comes to agricultural products, this basis is not adopted. Totally different considerations come into operation. You say that if higher prices are paid to farmers—higher means adequate or reasonable price which even the Government would concede is reasonable—it would result in higher cost of living index and the urban population would have to be given higher dearness allowance. What happens then to agricultural labour? Is it never to be considered that the agricultural labour should also get a reasonable remuneration and the farmer also must get a satisfactory remuneration? You want to be unjust to the farmer and you expect the procurement machinery to function efficiently?

The Economic Survey placed on the Table of the House two days ago refers to this particular problem which faces the Government but the Government refuse to face it because the urban population, the wage earners are more organised and more vocal sections of society whereas the agricultural labour as well as the agricultural producer are disorganised and are unable to make their voice felt. This, I say, inspite of the fact that time and again reference is made to agricultural lobby and agricultural kulaks and so on, everything unpleasant that can be said about the farmers is said here. It is on agricultural prosperity that the prosperity of the country depends.

I would come back to the public distribution machinery. The efficiency of public distribution machinery can also be judged from another angle. I often wonder if the Agriculture Minister and his Ministry ever put themselves a few soul-searching questions. Whenever you buy anything from fair price shops or ration shops, the foodgrains that you obtain from them are of extremely poor quality and, often, unfit for human consumption. These were put on the Table a couple of days ago. How is it that the foodgrains distributed through fair price shops or ration shops are of such extremely poor quality whereas if you buy foodgrains in the open market, you get foodgrains of good quality.

Where do the foodgrains which are distributed through fair price shops come from? They are procured from the farmers; they are procured from the producers. They are perfectly good quality foodgrains at the time of procurement. What happens thereafter It is because of faulty storage, careless storage, indifferent storage, that the foodgrains become unfit for human consumption by the time they are released for distribution through fair price shops. Could there be anything more destructive? Can we conceive of more culpable, criminal than the wastage of foodgrains entirely due to inefficiency on the part of either the Food Corporation of India or on the part of which every wing of the public distribution machinery is responsible for it? This should never happen.

Sir, you will be interested to know that as much as 20 per cent of the country's agricultural production, the foodgrains, is lost through bad and indifferent storage. Why should that be allowed? Why is this degree of inefficiency allowed? This shall certainly never happen where the Government accepts the responsibility for both pro-

[Shri H. M. Patel]

curement on a monopoly basis and distribution also on a monopoly basis.

Now, I would like to make a brief reference to Gujarat. Already, some references have been made to the conditions obtaining in Gujarat. I would like to say with utmost emphasis possible that it is time the Government made up its mind that it is not desirable to allow things to drift any longer. The extent of hardship to ordinary men and, particularly, poor men, who earn and who live on daily wages is unimaginable. He suffers incredibly when cities and towns in which he lives and works, curfews are imposed. There is no work for them while the curfew lasts and, when the curfew is lifted, they have no money, no resources, to buy foodgrains and other essential articles necessary for keeping body and soul together. It is a matter of wonder to me how these people have managed to survive for such a long peroid during which Gujarat has now been suffering, undergoing—this agony has now gone on for over six weeks, indeed by now almost to two months. And yet no effective steps are being taken for the restoration of law and order.

Law and order is the responsibility of Government : since the President's rule has been ushered in in Gujarat, it becomes the responsibility of the Government of India. They must see to it that law and order is restored within the shortest possible time. It is a matter again for wonder that a Congress Government, with a strength of 114 in a House of 168, was unable to administer the State, was unable to maintain law and order in the State; and despite such a large majority, the Government of India had to intervene and President's rule had to be ushered in because the State Government had failed to maintain law and order. President's rule can be justified only if the law and order which has ceased to be in the State is restored as quickly as possible—the reason for which the President's rule has been brought in— and thereafter maintained in a continuous manner. I think, this is something which is incumbent on the Government, and I would strongly urge the Prime Minister to make up her mind as to the course of action that she should take in order that law and order is restored in the State within the shortest possible time. If she or her government cannot do this, then it seems to me that they are unfit to govern.

श्री रुद्र प्रताप सिंह (बाराबकी) : उपाध्यक्ष महोदय, मै आप का हृदय से आभारी हू, आप ने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव यहां प्रस्तुत और अनुमोदित हुआ है, उस पर अपने विचार प्रकट करने का अवसर दिया है।

मान्यवर, मैंने अपने पूर्ववक्ताओं के भाषणो को बड़े ध्यानपूर्वक सुना, विशेष रूप से सम्मानित श्री वाजपेयी जी के भाषण को मैंने बड़े ध्यान से सुनने का प्रयास किया। मान्यवर, लोकतन्त्र की बात करना और बात होती, परन्तु लोकतन्त्र के आदर्शों, लोकतन्त्र के मूल्यों के अनुरूप आचरण करना और बात है। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के समय पर जिन विरोधी नेताओं और सम्मानित सदस्यो ने जिस प्रकार का आचरण किया था, उसे भारत ने ही नही पूरे विश्व ने देखा और समझा। मै यह कह सकता हू कि उस समय केन्द्रीय कक्ष मे लगे हुए राष्ट्र के महान नेताओ का चित्रों के मूक नेत्रों मे भी आंसू आ गये होंगे—उन के उस कारनामे को देख कर। उस समय जो परिस्थिति उत्पन्न की गई, मै समझता हूं कि उस से भारत की संसदीय प्रणाली, भारत की ससद और भारत का अपमान हुआ है। जिस तरह का आचरण उस दिन इन विरोधी नेताओं और माननीय सदस्यों के द्वारा किया गया, उससे मै समझता हू—भारत की ससद के भारत, के गौरव का, गरिमा का अपमान हुआ है।

यहां अभी इस बात की चर्चा की गई कि लोक सभा के मध्यावधि निर्वाचनों में हमारे दल ने जनता को जो वचन दिये थे, उन्हें पूरा नही किया गया। मै

हूं —भारत के संविधान का 24वां संशोधन कर के हम ने विश्व को दिखा दिया है कि हम ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिस से भारत में समाजवाद का मार्ग प्रशस्त हुआ है। राजा-महाराजाओं के प्रीवी-पर्स और उनके विशेषाधिकारों को समाप्त कर के भारत की धरती पर राजा और रंक को समान नागरिकता प्रदान की है। साथ ही साथ हम ने देश भर में भूमि सुधारों के कार्यक्रम को आगे चला कर देश में सामाजिक और आर्थिक विषमताओं को समाप्त करने का प्रयास किया है—इन सब बातों को उन्हें ध्यान में रखना होगा। यह भी सही बात है कि आज देश की जनता इस बात को बड़े विह्वल हो कर देख रही है कि शीघ्र से शीघ्र हम भारत में शहरी सम्पत्ति की सीमा का विधेयक लायें। भारत की जनता चाहती है कि शीघ्रातिशीघ्र चीनी मिलों के राष्ट्रीयकरण का विधेयक लाय और हम विरोधी दल के नेताओं को बताना चाहते हैं और मैं विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि पांचवी लोक सभा के कार्यकाल में हम दोनों विधेक अवश्य यहा लायेंगे।

श्रीमन्, यहां पर यह बात भी कही गई कि हमारी उपलब्धियां क्या है ? मै उन्हें बतलाना चाहता हूं—सन् 1971 के पश्चात् जिस प्रकार से अतिवृष्टि और अनावृष्टि का प्राकृतिक प्रकोप आया, नवीन बंगला देश के उदय के समय शरणार्थियों का जो भार पड़ा उन तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद सम्पूर्ण भारत में काश्मीर से लेकर केरल तक और असम से लेकर गुजरात तक जिस प्रकार से विकास कार्य होते रहे हैं, हम समझते है कि यह संसार का आठवां आश्चर्य है।

मान्यवर, यह प्रसन्नता की बात है—भाषण मे स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जमाखोरी तथा उत्पादन के संचालन व वितरण के कार्यों में रोड़ा अटकाने के प्रयासों के खिलाफ़ सरकार कड़ी कार्यवाही करेगी। इस बात के लिये हमें सरकार को बधाई देनी चाहिये। आज देश में जो मूल्यों में निरन्तर वृद्धि हुई है, जमाखोरी, चोरबाजारी, सट्टेबाजी, मिलावट और भ्रष्टाचार है, इन का मूलकारण देश के पूंजीपति हैं और उन पूंजीपतियों के संरक्षण विरोधी दल हैं और हमारे बड़े अफसरान हैं—इस बात को हमें ध्यान में रखना होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि जो लोग इस प्रकार के कार्य करते हैं, उनके लिये कठोर दण्ड की व्यवस्था होनी चाहिये, आवश्यकता पड़ने पर तथा उचित समझा जाय तो राष्ट्र द्रोह करनेवालो को जो दण्ड दिया जाता है, इन लोगों के लिये भी उस दण्ड की व्यवस्था होनी चाहिये। आज आवश्यकता इस बात की आ गई है कि हम इस प्रकार का विधेयक लायें जिस में ऐसी व्यवस्था हो कि एक परिवार के पास इस से अधिक सम्पत्ति नहीं होगी, इस से अधिक आमदनी का साधन नहीं होगा। हमें इस बात की सीमा तय करनी होगी, गारण्टी देनी होगी कि एक परिवार की कम से कम क्या आय हो, कम से कम क्या सम्पत्ति हो—तब हमारी समाजवाद की कल्पना सही मायनों में साकार हो सकेगी।

हमे विश्वास है कि श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व मे हम जिस समाजवाद की कल्पना करते है, उस का स्वरूप मूर्तिमान अवश्य होगा—यह मै विरोधी नेताओं को बताना चाहता हू।

एक और विशेष बात है—हम समाजवादी नीतियों के लिये, देश के अन्दर सामाजिक, आर्थिक विषमताओं को मिटाने के लिये, गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई को मिटाने के लिये, नाना प्रकार की जो कठिनाइयां है उन को दूर करने के लिये, जो कदम उठाते हैं, जो नीति हम बनाते हैं, आज मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि 75 फीसदी सरकारी अधिकारी और कर्मचारी उस का विरोध करते हैं, हमारी नीतियों को कार्यान्वित नही होने देते। जो लोग भूखे हैं, नंगे हैं, अपने परिवार के पालन-पोषण के लिये जिन के सामने

[श्री चन्द्र प्रताप सिंह]

अभाव है, वे कुछ हद तक क्षम्य हो सकते हैं, लेकिन जो बड़े लोग हैं, जिन के पास अथाह दौलत है, बड़े वेतन पाते हैं, बंगलों में रहते हैं, उन को क्षमा नही किया जा सकता । इस लिये इस बात की आवश्यकता आ गई है कि आज हम अपने संविधान में संशोधन करें और सचिवों से एक्ज़िक्यूटिव पावर्स छीन कर अपने मंत्रियों को दे और उस में इस बात की व्यवस्था करें कि हमारे मंत्री जिस सम्बन्धित विभाग के अधिकारी या कर्मचारी को जन-विरोधी कार्य के लिये निलबित या निष्कासित करें, उस को न्यायालय मे जाने का अधिकार नही होना चाहिये । तभी हमारी अकाक्षाओं की पूर्ति होगी ।

आज यह प्रसन्नता की बात है कि हमारी विदेश नीति शिखर की ओर अग्रसर हो रही है । हमारे महान मित्र देश सोवियत रूस के महान नेता श्री ब्रेझनेव की भारत यात्रा से हमारी मैत्री प्रगाढ़ हुई है और हम समझते हैं कि आपस में सहयोग के नवीन द्वार खुले हैं । साथ ही साथ अभी हमारे मित्र पाकिस्तान ने बंगला देश को जो मान्यता दी है, इसमे भारत, पाकिस्तान और बगला देश के सम्बन्ध और अधिक दृढ होंगे और मित्रता प्रगाढ होगी । हम यह भी आशा करते है कि भारत की सफल विदेश नीति के कारण हमारे पड़ौसी देशों से मित्रता बढेगी और जो विकासशील देश है, हमारे मित्र अरब देश है, उन के साथ जो हमारे ऐतिहासिक सम्बन्ध चले आ रहे हैं उन सम्बन्धो में निरन्तर रूप से वृद्धि होगी ।

इसके साथ साथ मै यह भी कहना चाहता हू कि उत्तर प्रदेश मे अभी जो विधान सभा के निर्वाचन हुए उसके सम्बन्ध में वाजपेयी जी ने बहुत कुछ कहा । मेरे पास समय नही कि मैं बहुत कुछ कह सकू लेकिन आपकी अनुमति से थोड़ा सा कहना चाहता हू । उन्होने कहा उत्तर प्रदेश के विधान सभा के चुनावों में श्रीमती गांधी ने यह किया, श्रीमती गांधी ने वह किया लेकिन मै वाजपेयी जी को बताना चाहता हूं कि हमने क्या किया और उन्होंने क्या किया । वहां पर उन्होंने जो किया है उसको भारत तथा उत्तर प्रदेश की जनता कभी क्षमा नहीं कर सकती है । उत्तर प्रदेश में जितने प्रतिक्रियावादी दल हैं--जनसंघ, संगठन कांग्रेस, भारतीय क्रान्ति दल इत्यादि---उन्होंने जिस तरह से पूजीपतियों से पैसा लेकर चुनाव मे बहाया है उसको हम बयान नही कर सकते हैं । सारा का सारा चुनाव इन पार्टियो ने पैसे के बल पर लड़ने की चेष्टा की है । यह पार्टियां पूजीपतियो के साथ साठ-गाठ करके देश मे अराजकता उत्पन्न करना चाहती है, इस देश मे एक ऐसी स्थिति उत्पन्न करना चाहती हैं जिससे इस देश में समाजवाद लाने का हमारा जो संकल्प है उससे हम हट जायें । साथ साथ इन्होंने जो सबसे गलत काम किया है वह यह है कि लोकतन्त्र और भारतीय सस्कृति की आज बात करने वाले इन लोगो ने जनता के बीच में हिन्दु-मुसलमान की बात की है । मै इन्हें बताना चाहता हू कि भारतीय संस्कृति का अर्थ है हम विश्व के समस्त धर्मो का समान रूप से आदर करते है और यही हमारी भारतीय सस्कृति है । भारतीय सस्कृति का अर्थ यह नही है कि हम हिन्दू मुसलमान अथवा हिन्दू धर्म व इस्लाम धर्म के नाम पर लोगो मे अन्तर करे । हमारी सस्कृति समस्त धर्मो का समान रूप से आदर करती है और हमारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी इस बात को मानती है । यह लोग जब जाति, धर्म व हिन्दू मुसलमान की बात करते है तो भूल जाते है कि भारतीय संस्कृति का अर्थ क्या है । हम तो वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करते हैं । हम कहते है कि भारत ही नही, सारे विश्व मे जितने लोग है सभी हमारे भाई है । आज यदि भारत मे नही, इराक या ईरान में किसी लड़की का अपमान होता है तो हम समझते हैं हमारी ही बहन या लड़की का अपमान हुआ है । इसलिए वाजपेयी जी को समझना होगा कि भारतीय सस्कृति क्या है ?

मैं यह कह रहा था कि इन लोगों ने उत्तर प्रदेश के चुनावों में जो सबसे गलत काम किया है कि वह यह कि इन्होंने चुनाव में जातिवाद और सम्प्रदायवाद का नाम दिया। यह बात किसी भी देश के लोकतन्त्र के लिए एक खतरनाक बात है। हमारे वाजपेयी जी यहां पर लोकतन्त्र की बात करते हैं तथा इन्होंने व अन्य विरोधी दलों ने उस चुनाव में जो जातिवाद तथा सम्प्रदाय का सहारा लिया उससे लोकतन्त्र की जड़ें हिल गई हैं। अपने निहित स्वार्थ के लिए इन लोगों ने वहां पर जो कुकर्म किए हैं उनकी जितनी भी निन्दा की जाये कम ही होगी। जहांतक हमारा प्रश्न है, हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश की जनता हमारे साथ है। आज और कल के परिणाम बता देंगे कि उत्तर प्रदेश की जनता किसके साथ है। यदि जातिवाद, सम्प्रदायवाद व धन के दुरुपयोग के कारण हम उत्तर प्रदेश में चुनाव हार भी गए तो भी हम अपना रास्ता बदलने वाले नहीं हैं। समाजवाद लाने का जो हमारा मकसद है उसकी तरफ हम आगे बढ़ते रहेंगे तथा जो यहां पर सामाजिक व आर्थिक विषमतायें हैं उनको दूर करेंगे। हम चुनाव हार सकते हैं पर जातिवाद तथा सम्प्रदायवाद का सहारा चुनाव में लेने का दृढ़ विरोध करते रहेंगे।

अन्त में मैं यह कहकर समाप्त करूंगा कि पूंजीपतियों के द्वारा देश की 55 करोड़ जनता के साथ जो नाना प्रकार के शोषण, अत्याचार व भ्रष्टाचार हो रहा है तथा चुनावों में जो खिलवाड़ हो रहा है उसके लिए विशेष रूप से सरकार को अपनी रीति नीति अपनानी होगी।

आखिर में यह कहकर समाप्त कर रहा हूं :

> यह ऊंचे महल जो नजर आ रहे हैं
> नजाकत पर अपनी इतरा रहे हैं।
> जरा इन के गमलों के फूलों को सूंघो
> खूने गरीबां की बू आ रही है।

SHRI H. N. MUKERJEE (Calcutta-North-East): Before I speak, Mr. Deputy-Speaker, I would like to draw your attention to the fact that apart from the Minister of Parliamentary Affairs whose responsibility is very limited, not one Cabinet Minister has been in attendance since 2.30 P.M. when you took your seat.

Sir, this is disrespect of a House of an egregious character. I expect you, on behalf of this House, to convey the disrespect of this House in regard to this business. This is a submission which I make with great seriousness. I have been accustomed since 1952 to address this House when Jawaharlal Nehru and the whole array of Cabinet Ministers would be ready to listen to and participate in the discussion.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA (Begusarai): This is disrespect not only to this House but to the President himself because it is his Address which is being discussed.

SHRI S. A. SHAMIM : They made him to read that Address but now they are not present here.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I hope the Minister for Parliamentary Affairs will take note of this.

SHRI H. N. MUKERJEE: Mr. Deputy-Speaker, Sir, we have had the ritual performance by our President which is all the more pitiful on account of the harrowing living conditions of our people to-day. I have a feeling and this has been echoed in this House repeatedly by several Members that this senseless ceremonial which is a sort of feudal relic should be discarded because, except for this opportunity of getting the Government show something of its answerability, this occasion is not called for. We could have this debate in a more substantial manner without the panoply and the semi-feudal paraphernalia of the President's Address ceremonial. It is, perhaps, because of this Government's adherence to the idea of a feudal concept that we recently had the phenome-

[Shri M. N. Mukerjee]

